


वर्ष - 2 अंक-7 जुलाई-सितम्बर 2011

## मंडल रेल प्रबंधक का संदेश

पूर्वोत्तर सीमा रेल के लामडिंग मंडल का कार्यक्षेत्र बड़ी लाइन (मेन लाइन) में अगियाथूरी से फारकाटिंग, चापरमुख जंक्शन से सिलघाट टाउन एवं सेंचोवा से मैराबाड़ी (बी.जी.शाखा लाइन) तथा मीटर लाइन में लामडिंग जंक्शन से अगरतला, बदरपुर से सिलचर, करीमगंज से महिशाषन, बराईग्राम से दुल्लभचेरा, काटाखाल से भैरवी एवं अरूणाचल से जीरीबाम तक सकल रूट नेटवर्क 1083.17 किलोमीटर में फैला हुआ है। हाल ही में बी.जी. सेक्शन में डिगारू-नारंगी के बीच रेलपथ का दोहरीकरण का कार्य संपन्न हुआ है। फलस्वरूप लामडिंग-गुवाहाटी बी.जी. मेन लाइन सेक्शन के रेल यातायात में सुगमता आई है। मंडल का मीटर लाइन हिल सेक्शन विषमता से पूर्ण एक चुनौती भरा एवं राष्ट्र विरोधी गतिविधियॉ जैसे उग्रवाद, अलगाववाद आदि से प्रभावित क्षेत्र में यातायात बनाए रखना मंडल के लिए संघर्षपूर्ण एवं दुष्कर कार्य बनता जा रहा है। ऐसी प्रतिकूल परिस्थितियों में भी हम असम की बराकघाटी सहित त्रिपुरा, मणिपुर तथा मिजोरम सरीखे राज्यों के लिए एम.जी. सेक्शन में जनोंपयोगी सेवा प्रदान करने के लिए कृत संकल्प हैं। यह क्षेत्र सामरिक महत्व के साथ-साथ सिविल आपूर्ति के मद्देनजर और महत्वपूर्ण हो जाता है। समय-समय पर उत्पन्न विपरीत परिस्थितियों में भी हमारे रेल कर्मी निष्ठा और समर्पण की भावना से निरंतर अपनी सेवा प्रदान करते रहे हैं। आशा है कि आनेवाले दिनों में क्षेत्र में रेलपथ के विस्तार के साथ-साथ विकास कार्यो के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होंगे।

क्षेत्रीय रेलों के मुख्यालय तथा मंडलों से हमारी गृह पत्रिका 'लामडिंग दर्पण' की सराहना होती रही है। मंडल में राजभाषा हिंदी के प्रयोग प्रसार को निरंतर नई दिशा प्रदान करने तथा रेलकर्मियों में हिंदी के प्रति सहजता एवं सरलता के साथ-साथ जागरूकता उत्पन्न करनें में यह पत्रिका अवश्य ही सदा सहायक बनी रहेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक**

## अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी की कलम से.

सांस्कृतिक विकास की दृष्टि से राष्ट्र के निर्माण में पत्रिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। क्षेत्रीय रेलों एवं संगठनों द्वारा प्रकाशित गृह पत्रिकाएं रेल कर्मियों को विविध गतिविधियों से अवगत कराने के साथ-साथ राजभाषा के प्रति जागरूक भी बनाती हैं। लामडिंग मंडल की त्रैमासिक हिंदी पत्रिका 'लामडिंग दर्पण' का यह सातवॉ अंक आपको समर्पित है। मंडल में निःसंदेह राजभाषा हिंदी का प्रयोग बढ़ा है और इसमें हिंदी पत्रिका, सहायक साहित्य आदि का भरपूर योगदान रहा है। मुझे आशा एवं पूर्ण विश्वास है कि मंडल में इसका प्रभाव राजभाषा हिंदी के विकास के साथ-साथ राजभाषा के निर्धारित संवैधानिक कर्तव्यों के निर्वहन में दूरगामी परिणाम लाने में निरंतर सहायक सिद्ध होगी।

'लमडिंग दर्पण' पत्रिका रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनकर हमारे बीच अपनी विविध गतिविधियों की जानकारी प्रदान करते हुए रेलों पर एक नया मानदंड स्थापित करे, यही मेरी कामना है।

अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

## माननीय केन्द्रीय रेल मंत्री श्री दिनेश त्रिवेदी का डिमापुर दौरा

माननीय केन्द्रीय रेल मंत्री श्री दिनेश त्रिवेदी ने 11 सितम्बर 2011 को अध्यक्ष रेलवे बोर्ड, श्री विनय मित्तल, सदस्य इंजीनियरी श्री ए.पी. मिश्रा, वित्त सलाहकार श्रीमती पम्पा बब्बर तथा रेलवे बोर्ड के अन्य पदाधिकारियों के साथ डिमापुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पूर्वोत्तर सीमा रेल के महाप्रबंधक, श्री केशव चन्द्रा सहित मुख्यालय तथा लामडिंग मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। माननीय केन्द्रीय रेल मंत्री ने यह सुझाव दिया कि प्लेटफार्म संख्या 2 एवं 3 का और बिस्तार कर विभिन्न यात्री सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाए। साथ ही माल शेड को रंगापहाड़ क्रॉसिंग में स्थानांतरित किया जाए।



डिमापुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए माननीय केन्द्रीय रेल मंत्री श्री दिनेश त्रिवेदी तथा अन्य पदाधिकारीगण

## गुवाहाटी स्टेशन में सुविधाओं का विस्तार

पूर्वोत्तर सीमा रेल के महाप्रबंधक, श्री केशव चन्द्रा ने 14 अगस्त 2011 को गुवाहाटी स्टेशन का दौरा किया। उन्होंने गुवाहाटी स्टेशन के नवीकृत वातानुकूलित उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय, वातानुकूलित यात्री आरक्षण प्रणाली, बुकिंग कार्यालय तथा स्टेशन भवन के अग्रभाग में प्रकाश व्यवस्था का उद्घाटन किया। इस प्रकार गुवाहाटी स्टेशन परिसर के रेल यात्रियों के लिए आधुनिक सुख-साधन उपलब्ध हो गया है। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक, प्रमुख मुख्य इंजीनियर सहित मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

गुवाहाटी स्टेशन के स्टेशन भवन के अग्रभाग में प्रकाश व्यवस्था का उद्घाटन करते हुए श्री केशव चन्द्रा, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल




गुवाहाटी स्टेशन परिसर में यात्री सुख-साधन के विस्तार के क्रम में श्री केशव चन्द्रा, महाप्रबंधक महोदय ने 26 अगस्त 2011 को परिभ्रमण क्षेत्र तथा नवनिर्मित पैदल उपरी पुल का भी शुभारंभ किया।

## महाप्रबंधक द्वारा बराकघाटी तथा लामडिंग का दौरा

पूर्वोत्तर सीमा रेल के महाप्रबंधक, श्री केशव चन्द्रा ने 29 एवं 30 अगस्त 2011 को मंडल के सिलचर, बदरपुर तथा लामडिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडल मुख्यालय के सभा कक्ष में शाखा अधिकारियों के साथ बैठक की तथा यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ भी विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने 30 अगस्त 2011 को लामडिंग स्टेशन के नवनिर्मित पैदल उपरी पुल का शुभारंभ किया।



लामडिंग स्टेशन के नवनिर्मित पैदल उपरी पुल का शुभारंभ करते हुए श्री केशव चन्द्रा, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल

## बहुउद्देशीय स्वास्थ्य जॉच अभियान

मंडल रेल अस्पताल, लामडिंग के तत्वावधान में 12 जुलाई 2011 को मंन्दरडिसा में, 7 सितम्बर 2011 को लामडिंग में तथा 23 सितम्बर 2011 को डिमापुर में बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य जॉच शिविर का आयोजन कर रेल कार्मिकों के स्वास्थ्य की गहन जॉच की गई। इस दौरान लामडिंग मंडल के रेलवे स्कूलों के साथ-साथ छोटे-छोटे स्टेशनों पर भी कुल 16 बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य जॉच एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया।




रेलवे उच्चतर विद्यालय, लामडिंग में आयोजित स्वास्थ्य जॉच का एक दृश्य



जिस देश में आपने जन्म लिया है,
उसके प्रति कर्तव्य पालन करने से बढ़कर संसार
में दूसरा काम है ही नहीं।
- 'राष्ट्रपिता' महात्मा गांधी

## वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, मालीगॉव का लामडिंग दौरा

22 सितम्बर 2011 को वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, मालीगॉव ने मुख्यालय के अन्य अधिकारियों के साथ लामडिंग के एम.जी. डीजल लोको शेड तथा टी.पी.टी. का निरीक्षण किया एवं मंडल के शाखा अधिकारियों के साथ सभा कक्ष में सतर्कता बैठक किया।

## 65 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन

मंडल कार्यालय परिसर में 65 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, श्री अजीत पंडित ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा सुरक्षा बल, रेल सुरक्षा विशेष बल, स्काउट एवं गाईड के परेड की सलामी ली। मंडल में वर्ष 2011 के दौरान उच्चतर माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक परीक्षाओं में अव्वल नंबर पानेवाले रेल कर्मचारियों के कुल 11 बच्चों को तथा 30 रेल कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए नकद पुरस्कार तथा योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



मंडल कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री अजीत पंडित तथा अधिकारी एवं कर्मचारीगण

## सद्भावना दिवस

देश प्रेम और भाईचारा को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से 22 अगस्त 2011 को मंडल कार्यालय परिसर में सद्भावना दिवस के रूप में एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने प्रतिज्ञा ली कि वे हिंसा का सहारा लिए बिना आपसी सूझ-बूझ के द्वारा संवैधानिक तरीके से सभी भेदभाव को मिटाने का हर संभव प्रयास करेगें।

## संरक्षा आडिट निरीक्षण

7 सितम्बर 2011 को मुख्यालय मालीगॉव के वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड के अधिकारियों की एक टीम, जिनमें मुख्य संरक्षा अधिकारी, मुख्य यात्री यातायात प्रबंधक, मुख्य सिगनल इंजीनियर, मुख्य सामान्य इंजीनियर एवं मुख्य बिजली इंजीनियर/योजना/ मालीगॉव सम्मिलित थे। इस टीम ने न्यू गुवाहाटी- नारंगी-जागीरोड सेक्शन में संरक्षा आडिट निरीक्षण किया।

## विविध गतिविधियाँ

### क्रॉसिंग स्टेशन 'पानीसागर' का शुभारंभ

बदरपुर-अगरतला मीटर लाइन सेक्शन में गाड़ियों की आवागमन में सुधार लाने के उद्देश्य से जुलाई 2011 माह में धर्मनगर-पेंचरथाल स्टेशनों के मध्य अवस्थित पानीसागर स्टेशन को 'बी' श्रेणी के क्रॉसिंग स्टेशन के लिए प्रारंभ किया गया।



त्रिपुरा राज्य के धर्मनगर-अगरतला मीटर लाइन सेक्शन का क्रॉसिंग स्टेशन 'पानीसागर'

### संरक्षा प्रणाली में सुधार

'रक्षा कवच' - पूर्वोत्तर सीमा रेल के बड़ी लाइन सेक्शन में गाड़ियों की संरक्षा के लिए 'रक्षा कवच' (ए.सी.डी.) प्रतिस्थापित है। मंडल के बड़ी लाइन सेक्शन में रेलपथ दोहरीकरण किए जाने के फलस्वरूप न्यू गुवाहाटी, नूनमाटी, पानीखाईति, ठाकुरकुचि तथा डिगारू स्टेशनों के 'रक्षा कवच' (ए.सी.डी.) में परिवर्तन कार्य अगस्त 2011 में संपन्न किया गया। इसके अलावा संरक्षा की दृष्टि से मंडल में 'रक्षा कवच' (ए.सी.डी.) के पुनःस्थापन कार्य के तहत 54 ए.सी.डी. रिपीटरों की मरम्मत कर इनके क्षेत्र में विस्तार किया गया।

### कार्मिक कल्याण

मंडल में 53 व्यक्तियों को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति प्रदान की गईं।

जुलाई-सितम्बर 2011 की अवधि में अधिवर्षिता पर सेवानिवृति के कुल 90 तथा स्वैच्छिक सेवानिवृति के कुल 5 मामलों का निपटारा किया गया।




अधिवर्षिता पर सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए आयोजित कार्यक्रम का दृश्य

### न्यू गुवाहाटी के डीजल शेड में 'इंटेलीजेंस पावर फेक्टर करेक्शन पैनल' की व्यवस्था

जुलाई 2011 माह में न्यू गुवाहाटी के डीजल शेड में 340 केवीएआर के 'इंटेलीजेंस पावर फेक्टर करेक्शन पैनल' का शुभारंभ किया गया।

### मीटर लाइन के सवारी डिब्बों में सुधार

मंडल के मीटर लाइन सेक्शन में यात्री यातायात को बहाल रखने के लिए इतर मंडलों से, जहाँ मीटर लाइन की सेवाएं समाप्त हो गई है, मीटर लाइन के इंजनों, सवारी डिब्बों एवं माल डिब्बों को मंगवाकर उनका पूर्ण अनुरक्षण कार्य किया जा रहा है। लाए गए इंजनों, सवारी डिब्बों एवं माल डिब्बों सहित सेक्शन में चलाए जानेवाले सवारी डिब्बों एवं माल डिब्बों के पूर्ण मरम्मत तथा पेंटिंग आदि करवाने का कार्य जारी है। इस प्रकार यात्री एवं यातायात के इन साधनों में सुधार लाते हुए 101 सवारी डिब्बों की पेंटिंग, 869 प्रशाधनों की पूर्ण मरम्मत तथा 90 बैटरियाँ के प्रतिस्थापन कर यात्री एवं यातायात में बदलाव लाने का प्रयास किया गया।

### 'लोको पुकुर पार्क' पर्यावरण संरक्षण का एक नमूना

रेल कालोंनियों, कार्यालय तथा स्टेशन परिसरों को प्रदूषण मुक्त कर पर्यावरण हितैषी वातावरण का निर्माण करने के उद्देश्य से रेलवे की खाली पड़ी हुई भूमि पर जगह-जगह बागवानी कर सजाया गया। मंडल के लोको कॉलोनी में 'लोको पुकुर पार्क' का निर्माण कालोनियों में पर्यावरण संरक्षण का एक उदाहरण है।



'लोको पुकुर पार्क' का एक दृश्य

**यात्री अर्जनः** गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में जुलाई-सितम्बर 2011 के दौरान यात्रियों की संख्या में 2,14,295 की वृद्धि होने के फलस्वरूप गत वर्ष के 79.28 करोड रूपए की तुलना में 83.09 करोड रूपए का अर्जन हुआ। इस प्रकार यात्री अर्जन में कुल 03.81 करोड रूपए की वृद्धि हुई है।

**माल अर्जन :** मंडल में कोयला, खनिज तेल आदि आय के प्रमुख स्रोत हैं। गत वर्ष की समान अवधि की 19.61 करोड रूपए की तुलना में जुलाई-सितम्बर 2011 में 40.88 करोड रूपए का अर्जन हुआ। इस प्रकार माल अर्जन में कुल 21.27 करोड रूपए की वृद्धि हुई है।

**अन्य कोचिंग अर्जनः** जुलाई-सितम्बर 2011 के दौरान अन्य कोचिंग अर्जन से 10.92 करोड़ रूपए की प्राप्ति हुई है।

**अन्य विविध अर्जन :** जुलाई-सितम्बर 2011 के दौरान इंजीनियरी के विविध प्राप्तियों सहित 3.80 करोड़ रूपए का अर्जन अन्य विविध प्राप्तियों से हुई है।

### अनारक्षित टिकट प्रणाली का विस्तार

मंडल के लोवर हाफलंग, हैलाकांदि, करीमगंज, भांगा, लांगटिंग, माइबंग, हाथीखाली तथा माहूर स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट प्रणाली की स्थापना की गई। इस प्रकार मंडल के 71 स्टेशनों पर सभी दिशाओं के लिए टिकटों को उपलब्ध कराने में काफी सुविधा हो गई है इससे टिकटों की बिक्री तथा यात्री आय में बढ़ोत्तरी हुई है।

## राजभाषा की गतिविधियाँ

### हिंदी दिवस 2011

14 सितम्बर 2011 को मंडल रेल प्रबंधक द्वारा दीप प्रज्वलित कर मंडल मुख्यालय में हिंदी दिवस का पालन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने महाप्रबंधक के हिंदी दिवस संदेश के माध्यम से कार्यालयों में राजभाषा के कामकाज में और अधिक वृद्धि लाने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्थानीय सभा कक्ष में अधिकारियों के लिए राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंडल में 15 सितम्बर से 30 सितम्बर 2011 तक राजभाषा पखवाड़ा का पालन किया गया। इस दौरान मंडल मुख्यालय लामडिंग में कर्मचारियों के लिए दो हिंदी टिप्पण आलेखन कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिसमें 36 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा मंडल के प्रमुख कार्यालयों एवं स्टेशनों में विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।



अधिकारियों के लिए राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के आयोजन का दृश्य

### राजभाषा सांस्कृतिक समारोह का आयोजन

4 जुलाई 2011 को स्थानीय रेलवे इंस्टीच्यूट, लामडिंग में एक रंगा-रंग सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मंगल गान, भजन, गज़ल, नृत्य तथा एकांकी नाटक ''इज्जत'' का मंचन किया गया। कार्यक्रम के अंत में मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने वर्ष 2010 के दौरान सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक एवं प्रशंसनीय प्रयोग करने वाले कुल 35 कर्मचारियों को नकद पुरस्कार तथा योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान किए।

मंडल मुख्यालय सहित मंडल के प्रमुख कार्यालयों/स्टेशनों में आयोजित किए गए हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, हिंदी वाक् प्रतियोगिता तथा राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले कुल 45 कर्मचारियों को नकद पुरस्कार तथा योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।




सांस्कृतिक संध्या के रंगा-रंग कार्यक्रम का एक दृश्य

## मंडल रेल महिला कल्याण संगठन

### योगा केन्द्र

व्यस्त जीवन शैली के फलस्वरूप उत्पन्न तनाव, दबाव एवं चिन्ता आदि असामान्य स्थितियों से रेल कर्मचारियों को निजात दिलाने तथा उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बनाए रखने के लिए 22 अगस्त 2011 को श्रीमती नीता पंडित, अध्यक्षा मंडल रेल महिला कल्याण संगठन, लामडिंग द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में एक 'योगा केन्द्र' का उद्‌घाटन किया गया।



'योगा केन्द्र' का उद्‌घाटन करती हुई श्रीमती नीता पंडित, अध्यक्षा मंडल रेल महिला कल्याण संगठन, लामडिंग

### ड्राइंग, पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता

मंडल रेल महिला कल्याण संगठन, लामडिंग द्वारा रेल कर्मचारियों के बच्चों के लिए मंडल के लामडिंग, डिमापुर तथा बदरपुर क्षेत्र में ड्राइंग, पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 12 सितम्बर 2011 को रेलवे इंस्टीच्यूट, लामडिंग में इन ड्राइंग एवं पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई गई। इसका उद्‌घाटन श्रीमती नीता पंडित, अध्यक्षा मंडल रेल महिला कल्याण संगठन, लामडिंग द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी में 800 बच्चे शामिल हुए।



लामडिंग में ड्राइंग एवं पेंटिंग की प्रदर्शनी का मुआयना करती हुई श्रीमती नीता पंडित, अध्यक्षा मंडल रेल महिला कल्याण संगठन

संरक्षक
अजीत पंडित
मंडल रेल प्रबंधक

मुख्य संपादक
सतीश कोठारी
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

संपादन एवं सहयोग
बलदेव सिंह
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय

आर. के. कोईरी
राजभाषा अधिकारी